दीनदयाल उपाध्याय कौशल केन्द्र

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

संविदा नियुक्ति विज्ञापन

विज्ञापन संख्या K- 01 /2020 दिनांक 18.01.2020

1- शैक्षणिक सत्र 2019-20 में संविदाधारित अध्ययन-अध्यापन की सुविधा को दृष्टि में रखते हुए अधोलिखित विषयवार आचार्य/अतिथि व्याख्याताओं का पैनल तैयार करने के लिए आवेदन आमन्त्रित किये जाते हैं। आचार्य/अतिथि व्याख्याताओं को सम्बन्धित पद के सम्मुख अंकित दर पर प्रतिमाह मानदेय देय होगा।

इच्छुक अभ्यर्थी साक्षात्कार (Walk in Interview) हेतु निर्धारित तिथि एवं समय को अपने आवेदन पत्र, सम्पूर्ण शैक्षणिक विवरण सहित (चार प्रतियों) के साथ उपस्थित होवें।

अर्हताएँ – विश्वविद्यालय परिनियम / यू.जी.सी. द्वारा वर्णित निर्धारित अर्हताएँ।

विशेष सूचना –

1) संस्कृत विषय हेतु आचार्य (प्रोफेसर) की आवश्यकता है।
2) अतिथि व्याख्याताओं को आवश्यकतानुसार व्याख्यान हेतु निदेशक द्वारा आमंत्रित किया जाएगा।
3) अतिथि व्याख्याता का कार्य विशुद्ध रूप से अस्थायी है।
4) आवेदन पत्र में उल्लिखित योग्यता / अर्हता / अनुभव आदि के प्रमाण स्वरूप अपेक्षित प्रमाणपत्रों की प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
5) साक्षात्कार में सम्मिलित होने के लिए किसी प्रकार का मार्ग-व्यय देय नहीं होगा।
6) साक्षात्कार (Walk in Interview) दिनांक 28.01.2020 को कुलपति आवासीय कार्यालय में अधोलिखित समयानुसार होगा।

क्र.सं	विषय	अध्यापक संख्या	समय	मानदेय (रू० प्रति माह अधिकतम)
1.	संस्कृत (आचार्य)	01	मध्याह्न 12:00	1,44,200/
2.	संस्कृत	02	अपराह्न 12:30	25,000/
3.	अंग्रेजी	02	अपराह्न 01:00	25,000/
4.	कम्प्यूटर	02	अपराह्न 01:30	25,000/
5.	ज्योतिष	02	अपराह्न 02:00	25,000/
6.	कर्मकाण्ड	02	अपराह्न 02:30	25,000/
7.	वास्तुशास्त्र	02	सायं 03:00	25,000/
8.	आन्तरिकसज्जा	02	सायं 03:30	25,000/

2- उक्त के साथ ही दीनदयाल उपाध्याय कौशल केन्द्र में कार्यालयीय कार्य हेतु अधोलिखित संविदाधारित पदों पर कार्य करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों के आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। कर्मचारियों को सम्बन्धित पद के सम्मुख अंकित दर पर प्रतिमाह मानदेय देय होगा।

साक्षात्कार (Walk in Interview)

दिनांक – 28.01.2020
समय – सायं 04:00
स्थान – कुलपति आवासीय कार्यालय

1) **एम०टी०एस०** – 01 पद संविदाधारित, मानदेय रु० 18,720/माह

शैक्षणिक योग्यता – किसी भी मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से हाईस्कूल उत्तीर्ण अथवा समकक्ष योग्यता।

वांछनीय योग्यता एवं कार्यानुभव – कम्प्यूटर संचालन में किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से सर्टिफिकेट अथवा डिप्लोमा कोर्स तथा कम्प्यूटर संचालन में कम से कम एक वर्ष का अनुभव।

2) **टेक्निकल असिस्टेण्ट** – 01 पद संविदाधारित, मानदेय रु० 30,368/माह

शैक्षणिक योग्यता – किसी भी मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान /विश्वविद्यालय से स्नातक अथवा समकक्ष योग्यता।

वांछनीय योग्यता एवं कार्यानुभव – पी०जी० डिप्लोमा कम्प्यूटर के साथ ही मान्यता प्राप्त संस्थान में कार्यालयीय कार्य एवं पत्राचार का कम से कम एक वर्ष का अनुभव।

कुलसचिव
स०स०वि०वि०, वाराणसी

पत्रांक-एस०एस०वि०वि०/स०-1075/19 दिनांक 18.01.2020
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –
1- सचिव, कुलपति को माननीय कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2- प्रतिकुलपति।
3- निदेशक, दीनदयाल उपाध्याय कौशल केन्द्र, सं.सं.वि.वि., वाराणसी।
4- आशुलिपिक कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
5- सहायक कुलसचिव, सामान्य प्रशासन/लेखानुभाग।
6- सिस्टम मैनेजर, संगणक केन्द्र को इस आशय से कि उक्त विज्ञापन को विश्वविद्यालयी वेबसाईट पर तत्काल अपलोड कर प्रसारित कराने हेतु।
7- अधीक्षक, सामान्यानुभाग/लेखानुभाग।
8- जनसम्पर्क अधिकारी को इस आशय से कि दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क विज्ञापन हेतु।
9- समस्त सूचनापट्ट।
10-सम्बद्ध पत्रावली।

कुलसचिव
स०सं०वि०वि०, वाराणसी